हीरे का उत्खनन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मध्य प्रदेश के पन्ना ज़िले में एक किसान और उसके सहयोगियों को 7.44 कैरेट वजन का एक बहुमूल्य हीरा (डायमंड) मिला है।

मुख्य बिंदु

- **हीरे के बारे में:**
  - हीरा, **कार्बन का एक अपरूप,** पृथ्वी पर **प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला सबसे कठोर पदार्थ है।**
  - पृथ्वी के मेंटल में निर्मित तथा ज्वालामुखीय गतिविधि के माध्यम से सतह पर लाया गया यह पदार्थ डाइक और सिल्स जैसे ज्वालामुखीय भू-आकृतियों में पाया जाता है।
- **उपयोग:**
  - आभूषण, धातु पॉलिशिंग, रत्न काटने तथा ड्रिल के लिये किनारों को काटने जैसे औद्योगिक अनुप्रयोगों में।
- **भारत में हीरा समृद्ध स्थान:**
  - **पन्ना बेल्ट (मध्य प्रदेश), वज्रकरुर किम्बरलाइट क्षेत्र** और **कृष्णा नदी बेसिन (आंध्र प्रदेश)।**
  - **कटाई (कटिंग) और पॉलिशिंग उद्योग सूरत, नवसारी, अहमदाबाद एवं पालमपुर** में केंद्रित है।
  - **अग्रणी उत्पादक**:
    - रूस, बोत्सवाना, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC)।
- **पन्ना का हीरा उद्योग:**
  - **पन्ना** सदियों से **हीरा खनन केंद्र** रहा है।
  - **अत्यधिक खनन के कारण** ज़िले के हीरे के भंडार कम हो गए हैं, जिसके कारण महत्त्वपूर्ण खोजें कम हो गई हैं।
  - **खनन, मुख्यतः आदिवासी जनसंख्या** के लिये वैकल्पिक आय स्रोत के रूप में कार्य करता है, जिससे उन्हें **250-300 रुपए** की मामूली दैनिक आय प्राप्त होती है।

//

भारत में हीरा उद्योग

- भारत **दुनिया में हीरों की कटाई और पॉलिशिंग का सबसे बड़ा केंद्र है** तथा वैश्विक स्तर पर पॉलिश किये गए हीरों के निर्माण में 90% से अधिक का योगदान यहीं पर है।
- भारतीय खनिज वर्ष पुस्तिका 2019 के अनुसार, भारत के हीरा क्षेत्रों को चार क्षेत्रों में बाँटा गया है:
  - **मध्य प्रदेश** का मध्य भारतीय भूभाग, जिसमें पन्ना बेल्ट शामिल है।
  - **आंध्र प्रदेश** का दक्षिण भारतीय क्षेत्र, जिसमें अनंतपुर, कडप्पा, गुंटूर, कृष्णा, महबूबनगर और कुरनूल ज़िले के कुछ हिस्से शामिल हैं।
  - **छत्तीसगढ़** के रायपुर ज़िले में बेहरादीन-कोडावली क्षेत्र और बस्तर ज़िले में तोकापाल, दुर्गापाल आदि क्षेत्र।
  - पूर्वी भारतीय भूभाग मुख्यतः **ओडिशा का है, जो** महानदी और गोदावरी घाटियों के बीच स्थित है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/excavation-of-diamond